QHD

December - Examination 2018

B.A./B.Com./BSc / BSW Examination

General Hindi

सामान्य हिंदी

Paper - QHD

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : 'अ', 'ब' और 'स' इन तीन खण्डों में विभाजित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

(खण्ड – अ) **10 × 2 = 20**

(अति लघूत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर – प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ हुआ था?

(ii) हिन्दी भाषा की लिपि का क्या नाम है?

(iii) निम्न 'तत्सम' शब्द को 'तद्भव' रूप में बदलिए–
क) सर्प
ख) संध्या

(iv) 'घर' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(v) 'नि' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(vi) ''नेहरुजी के निधन से देश में दुख छा गया था।''
उक्त वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।

(vii) निम्न अशुद्ध शब्द को शुद्ध करके लिखिए ।
क) आर्शिवाद
ख) मुर्ख

(viii) 'श्री गणेश करना' मुहावरे का अर्थ लिखकर, वाक्य में प्रयोग भी कीजिए।

(ix) 'संघ की राजभाषा हिन्दी होगी' यह उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है?

(x) दक्षिण अफ्रीका में बोली जाने वाली हिन्दी को क्या कहते हैं?

(खण्ड – ब) **4 × 10 = 40**

(लघुत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में सीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है –

2) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

''अवधेश के द्वारे सकारे गई,
सुत गोद कै भूपति लै निकसे।
अवलोकि हौं सोच–विमोचन को,
ठगी सी रही, जे न ठगे धिक से।
'तुलसी' मनरंजन रंजित अंजन,
नैन सुखंजन जातक से।
सजनी ससि में समसील उभै,
नवनील सरोरूह से विकसे।''

3) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

''आ रे आ, अनजनमें बादल
बढ़ता जाए मन का मरुथल
आ रे आ, अनजनमें बादल।।
जाने कितने पावस बीते,
तेरी पगध्वनियाँ घर आये।
पग ध्वनियाँ तो पगध्वनियाँ हैं,
उनकी प्रतिध्वनियाँ घर आये।।
द्वारे सन्नाटे की साँकल,
आ रे आ अनगरजे बादल।।''

4) आकाशदीप कहानी की प्रमुख पात्र चम्पा का चरित्र चित्रण कीजिए।

5) 'सच्ची वीरता' निबन्ध पर प्रकाश डालिए।

6) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द बताइए।
(वाक्यांश सूचक शब्द लिखिए)
क) जिसे देखा न जा सके ------
ख) जो पीछे जन्मा हो ------
ग) जिसे ईश्वर मे विश्वास हो ------
घ) दूर की बात सोचने वाला ------
ङ) जो कम बोलता हो ------

7) निम्नलिखित मुहावरो का अर्थ लिखिए एवं वाक्य में प्रयोग कीजिए।
क) कलई खुलना
ख) मुँह की खाना
ग) कान भरना
घ) कमर कसना
ङ) गुड़ गोबर करना

8) देवनागरी लिपि के गुण और दोष का उल्लेख कीजिए।

9) मान लीजिए आप किसी महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हैं। अपने महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी को हिन्दी विषय की अच्छी पुस्तकें प्रकाशक से मँगवाने हेतु एक पत्र लिखिए।

(खण्ड – स) **2 × 20 = 40**

(निबन्धात्मक प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) कबीरदास के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी भक्ति भावना का वर्णन कीजिए।

11) महादेवी कृत 'भाभी' संस्मरण के प्रतिपाद्य को बताते हुए 'भाभी' का चरित्र चित्रण कीजिए।

12) गांधीजी की 'आत्मकथा के अंश' की अन्तर्वस्तु समझाते हुए, गांधीजी के चरित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

13) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर अनुच्छेद लिखिए।
   क) समाचार–पत्रों का महत्व
   ख) मेरा प्रिय स्वप्न
   ग) भारत में भ्रष्टाचार
   घ) अनुशासन और विद्यार्थी